BIHAR BOARD CLASS–XII

2023

SUBJECT- HINDI

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

1. भक्तिकाल की सामान्य प्रवृत्तियों का संक्षिप्त परिचय दें।

अथवा,

दिनकर या नागार्जुन का काव्यात्मक परिचय दें।

2. सप्रसंग व्याख्या करें-

(क) आदमी यथार्थ को जीता ही नहीं, यथार्थ को रचता भी है, कैसे ?

अथवा,

"जिस पुरुष में नारीत्व नहीं, अपूर्ण है।"

(ख) मेरा खोया हुआ खिलौना

अब तक मेरे पास न आया।

अथवा,

दुनिया के हिस्सों में चारों ओर

जन-जन का युद्ध एक

3. किन्हीं दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) 'रोज' कहानी का सारांश लिखें।

अथवा,

'ओ सदानीरा पाठ में आए नौका विहार प्रसंग का वर्णन करें।

BiharboardQuestionpaper.com

(ख) 'स्केहल कलह" में कविता का भावार्थ लिखें।

अथवा,

नारी तो हम हूँ करी, तब ना किया विचार।

जब जानी तब परिहरि नारी महाविकार।

उपर्युक्त कविता (पंक्तियों) का भावार्थ अपने शब्दों में लिखें।

4. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) पुरुष जब नारी के गुण लेता है तब वह क्या बन जाता है?

(ख) विद्यार्थियों को राजनीति में भाग क्यों लेना चाहिए?

(ग) गांधीजी के शिक्षा संबंधी आदर्श क्या थे?

(घ) डायरी का लिखा जाना क्यों मुश्किल है ?

(ङ) पुत्र को छौना कहने में क्या भाव छिपा है ? उद्घाटित करें।

(च) 'जन-जन का चेहरा एक' से कवि का क्या तात्पर्य है?

5. I. सही जोड़े का मिलान करें-

(क) मोहन राकेश (i) अर्द्धनारीश्वर

(ख) जे. कृष्णमूर्ति (ii) ओ सदानीरा

(ग) मुक्तिबोध (iii) जन-जन का चेहरा एक

(घ) जगदीशचन्द्र माथुर (iv) शिक्षा

(ङ) दिनकर (v) सिपाही की माँ

6. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर बताइए-

(i) ‘लहना’ किस कहानी का पात्र है?

BiharboardQuestionpaper.com

(क) रोज

(ख) उसने कहा था

(ग) जूठन

(घ) तिरिछ

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..

(ii) 'एक लेख और एक पत्र' के लेखक हैं

(क) मोहन राकेश

(ख) नामवर सिंह

(ग) भगत सिंह

(घ) दिनकर

(iii) जयप्रकाश नारायण की रचना है।

(क) जूठन

(ख) सम्पूर्ण क्रांति

(ग) बातचीत

(घ) रोज

(iv) 'बातचीत' साहित्य की कौन-सी विधा है?

(क) उपन्यास

(ख) कहानी

(ग) निबंध

(घ) नाटक

BiharboardQuestionpaper.com

(v) अधिनायक' के रचनाकार हैं

(क) रघुवीर सहाय

(ख) अशोक वाजपेयी

(ग) मलयज

(घ) भरतेन्दु

6. संक्षेपण करें-

अंग्रेजी पढ़ना खराब नहीं है, पर अंग्रेजी पढ़कर अंग्रेज हो जाना खराब है। अंग्रेजी पढ़कर अपने देश को, अपनी भाषा को, अपनी संस्कृति को भूल जाना खराब है। इस बात में इसलिए कर रहा हूँ कि आज के अधिकतर अंग्रेजी पढ़े-लिखे सज्जन अपने देश के प्रत्येक व्यक्ति को हीन दृष्टि से देखते हैं। उसकी आलोचना करते हैं और उसे अपनाने में अपनी मानहानि समझते हैं। पर्व को हो लीजिए। पढ़े-लिखे लोग कहते हैं कि यह स्त्रियों का ढोंग है। यह पंडितों का पोंगा है। वे कहते हैं, पर्व बेकार हैं। ये फिजूलखर्ची के साधन हैं।

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए-

(क) छात्र और राजनीति

(ख) मेरे प्रिय कवि

(ग) महँगाई

(घ) वसत ऋतु

(ङ) विज्ञान वरदान या अभिशाप

8. संक्षिप्त पत्र लिखिए-

निर्धन छात्रकोष से सहायता हेतु अपने प्रधानाचार्य / प्राचार्य के पास आवेदन-पत्र लिखिए।

अथवा,

BiharboardQuestionpaper.com

स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से अपने शिक्षा मंत्री का ध्यान परीक्षा में होने वाली अनियमिताओं की ओर आकृष्ट करें।

